राजस्थान पत्रिका

October 2, 2016

प्रतियोगिता

नाटक और अभिनय से निखरती है सृजनात्मकता

अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता नवरस का आयोजन

स्टैला मारिस कालेज के हिन्दी विभाग के अनुभूति क्लब के तत्वावधान में

स्टैला मारिस कालेज में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता नवरस-2016 के उद्घाटन समारोह में मंचासीन अतिथि।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

चेन्नई. नाटक, अभिनय, कविता, गायन, विज्ञापन आदि विधाएं कला हैं। इनसे ही सृजनात्मकता निखरती है। हम अंदर छिपी कलाओं को निरंतर निखारते रहें। आकाशवाणी में उद्घोषक उदय मेघाणी ने यह बात कही। वे शनिवार को स्टैला मारिस कालेज में हिन्दी विभाग के अनुभूति क्लब के तत्वावधान में आयोजित अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता नवरस-2016 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समाचार पत्र, रेडियो, दूरदर्शन आदि कला के माध्यम हैं जिनके जरिए सूचनाएं दूसरों तक पहुंचती है।

समारोह की विशिष्ट अतिथि स्टैला मारिस कालेज में हिंदी विभाग की पूर्व अध्यक्ष डा. मधु धवन ने कहा कि छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। इससे आपस में तालमेल बिठाकर काम करने की प्रवृत्ति में इजाफा होता है। इससे छात्राओं को कुछ करने का अवसर भी मिल जाता है।

व्यवस्थाओं में किया सहयोग

हिंदी विभाग की अध्यक्ष डा. श्रावणी भट्टाचार्य ने स्वागत भाषण दिया। हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डा. ए. फातिमा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अनुभूति क्लब की अध्यक्ष मासूमा फैजाद समेत अन्य पदाधिकारियों खुशबू अग्रवाल, अश्विता कोठारी, भूमिका, खुशी सोनीगरा ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। स्वाति ने प्रार्थना प्रस्तुत की।

हुए कई आयोजन

इस मौके पर आन स्टेज कार्यक्रम के तहत बोलो तो जानें, सुर बहार, नाप तोल के देखो एवं काव्य झंकार का आयोजन किया गया वहीं आफ स्टेज कार्यक्रम के तहत फेस पेंटिंग, कुकिंग समेत अन्य आयोजन हुए। प्रतियोगिताओं में महानगर के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए।

(कार्यालय संवाददाता)